Ans. (c) – महाराणा प्रताप की मृत्यु के पश्चात् उसका पुत्र अमर सिंह ने मेवाड़ की बागडोर संभाली तथा मेवाड़ की बिगड़ी हुई व्यवस्था को सुधारने के लिए मुगलों से संधि करना उचित माना। अमर सिंह 1615 को जहाँगीर के प्रतिनिधि पुत्र खुर्रम के पास संधि का प्रस्ताव भेजा, जिसे जहाँगीर ने स्वीकार कर लिया। अमर सिंह मुगलों से संधि करने वाला मेवाड़ का प्रथम शासक था।

225. महाराणा राजसिंह का शासन काल रहा है-

(a) 1652- 1680 ई. (b) 1632- 1650 ई.
(c) 1682- 1698 ई. (d) 1712- 1740 ई.

JEN Mechanical Degree Exam Date : 21.8.2016

Ans. (a) – मेवाड़ के शासक महाराणा राजसिंह का शासन काल 1652-80 ई. के मध्य था। इन्होंने राजसमंद झील का निर्माण करवाया। 'राज प्रशस्ति' नामक शिलालेख लगवाया। संस्कृत भाषा में रचित राज प्रशस्ति शिलालेख की रचना रणछोड़ भट्ट ने की थी।

226. निम्नलिखित में से किस राजपूत शासक ने 'विजय करकातु' की उपाधि धारण की थी?

(a) महाराजा जसवन्तसिंह (b) महाराणा कुम्भा
(c) महाराणा सांगा (d) महाराणा राजसिंह

RPSC-2017

Ans. (d) : महाराणा राजसिंह (1652-80ई.) ने अपनी प्रजा में सैनिक और नैतिक प्रवृत्ति को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 'विजय करकातु' की उपाधि धारण की। राजसिंह ने राजसमंद झील का निर्माण करवाया था।

227. मेवाड़ एवं मारवाड़ की संयुक्त सेनाएँ मुगलों के द्वारा कहाँ पराजित की गई थी-

(a) पानीपत, 1556 (b) तराईन, 1192
(c) देबारी, 1680 (d) सुमेल, 1544

Librarian Exam Date-13.11.2016

Ans. (c) – मेवाड़ एवं मारवाड़ की संयुक्त सेनाएँ मुगलों द्वारा देबारी के युद्ध (1680 ई.) में पराजित हुई यह युद्ध औरंगजेब और महाराणा राजसिंह के मध्य हुआ। इस दौरान औरंगजेब द्वारा उदयपुर में कई मन्दिरों को नष्ट किया गया।

228. 11 जून 1681 में औरंगजेब के बागी पुत्र अकबर को दुर्गादास किस मराठा सरदार के दरबार में कोंकण साथ ले गया?

(a) शिवाजी (b) साहुजी
(c) संभाजी (d) पेशवा बाजी राव

Lab Assistant (Home Science)-30.06.2022

Ans. (c) : 11 जून, 1681 को औरंगजेब के बागी पुत्र अकबर को दुर्गादास अपने साथ कोंकण मराठा सरदार संभाजी के दरबार में ले गये थे।

229. 17वीं शताब्दी के ''सिसोदिया-राठौर गठबंधन'' में, मेवाड़ का शासक था-

(a) महाराणा जगत सिंह-I (b) महाराणा राज सिंह-I
(c) महाराणा अमर सिंह-II (d) महाराणा संग्राम सिंह-II

Basic Computer Anudeshak-18.06.2022

Ans. (b) : 17वीं शताब्दी में 'सिसोदिया-राठौर गठबंधन'' में मेवाड़ को शासक महाराणा राजसिंह-I थे। 1652 ई. में महाराणा राजसिंह ने मेवाड़ पर अधिकार कर लिया था। इन्होंने अपनी प्रजा में सैनिक व नैतिक प्रवृत्ति को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 'विजय करकातु' की उपाधि धारण की थी।

230. मेवाड़ के महाराणा राजसिंह के द्वारा किस राजकुमारी के साथ विवाह करने के कारण औरंगजेब उनसे नाराज था?

(a) रूपमती (b) चारूमती
(c) भानुमति (d) गुणवती

RPSC ST-81 G.K. & Horticulture 28-10-2018

Ans. (b) : मेवाड़ के महाराणा राजसिंह के द्वारा ''राजकुमारी चारूमती'' के साथ विवाह करने के कारण औरंगजेब उनसे नाराज था। ''राजकुमारी चारूमती'' रूपगढ़ (किशनगढ़) की राजकुमारी और राजा रूपसिंह की पुत्री थी।

231. मेवाड़ के किस महाराणा ने अजमेर दरगाह के लिए चार गाँव अनुदान में दिए?

(a) महाराणा संग्रामसिंह
(b) महाराणा जगतसिंह द्वितीय
(c) महाराणा फतेहसिंह
(d) महाराणा अमरसिंह द्वितीय

Prayogshala Sahayak (Geography)-30.06.2022
कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (प्रलेख) 2019

Ans. (b) : मेवाड़ के महाराणा जगतसिंह द्वितीय (1734–1751) ने अजमेर दरगाह के लिए चार गाँव अनुदान में दिए थे। सिसोदिया वंश के महाराणा जगतसिंह द्वितीय, अपने साम्राज्य पर शासन करने की तुलना में जीवन के सांसारिक सुखों का आनंद लेने में अधिक शामिल थे।

232. महाराणा सज्जन सिंह को किस गवर्नर जनरल ने 'ग्रैंड कमांडर ऑफ द स्टार ऑफ इंडिया' की उपाधि दी थी?

(a) लॉर्ड रिपन (b) लॉर्ड लिटन
(c) लॉर्ड कॉर्नवॉलिस (d) लॉर्ड हेस्टिंग्स

RPSC Van Rakshat Exam 13.11.2020 Shift-II

Ans. (a) : महाराणा सज्जन सिंह को भारत के गवर्नर जनरल लॉर्ड रिपन ने 23 नवम्बर, 1881 ई. को 'ग्रैंड कमांडर ऑफ द स्टार ऑफ इंडिया' की उपाधि दी थी। महाराणा सज्जन सिंह उदयपुर रियासत के शासक थे।

233. ''इजलास खास'' की स्थापना की थी-

(a) महाराजा बन्ने सिंह
(b) महाराजा अजीत सिंह
(c) महाराणा सज्जन सिह
(d) राणा भगवंत सिंह

Gram Vikash Adhikari (Mukhya Pariksha) 09-07-22

Ans. (c) : ''महाराणा सज्जन सिंह'' ने 1877 में न्यायिक कार्य व्यवस्था में सुधार करते हुए ''इजलास खास'' की स्थापना की। इजलास खास द्वारा दीवानी, फौजदारी तथा अपीलीय मामलों में अंतिम फैसले दिए जाते थे। अगस्त 1880 में महाराणा सज्जन सिंह ने 'इजलास खास' को समाप्त करके उसके स्थान पर 'राजश्री महेन्द्ररास सभा' का गठन किया।

234. मेवाड़ के किस महाराणा के शासनकाल में मेवाड़ महाराणाओं के साथ सती होने की अंतिम घटना का विवरण मिलता है?

(a) राजसिंह (b) अमरसिंह-द्वितीय
(c) अमरसिंह-प्रथम (d) स्वरूपसिंह

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) भर्ती परीक्षा- 2020